पत्र सं०–6 एस०एस०(6)36 / 2025–241 /

# बिहार सरकार
# पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

प्रेषक,

गीता सिंह, भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं हक) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना–15, दिनांक–02 / 06 / 2025.

** अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

द्वारा :– **आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।**

विषय :– **वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य स्कीम के तहत गव्य विकास निदेशालय एवं इसके अधीनस्थ कार्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव बल की सेवा प्राप्त किये जाने के निमित्त कुल राशि ₹ 75933770 (रुपये सात करोड़ उनसठ लाख तैंतीस हजार सात सौ सत्तर) मात्र के अनुमानित लागत व्यय की स्वीकृति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार ने सम्यक विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य स्कीम के तहत गव्य विकास निदेशालय एवं इसके अधीनस्थ कार्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव बल की सेवा प्राप्त किये जाने के निमित्त कुल राशि ₹ 75933770 (रुपये सात करोड़ उनसठ लाख तैंतीस हजार सात सौ सत्तर) मात्र के अनुमानित लागत व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना का विस्तृत व्यय विवरणी संलग्न।

2. प्रस्तावित योजना एक नयी योजना है, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य स्कीम के तहत गव्य विकास निदेशालय एवं इसके अधीनस्थ कार्यालयों में वर्ग–3 एवं वर्ग–4 के रिक्त पद यथा डेयरी फिल्ड ऑफिसर के 44 पद, लेखापाल के 25 पद, पशुधन सहायक के 29 पद, चालक के 03 पद एवं वर्ग–4 के मल्टी टास्कींग स्टाफ के 52 पद, सुरक्षा गार्ड के 25 पद, चौकीदार–सह–झाडूकश के 25 पद तथा कार्यालय परिचारी के 55 पद यथा कुल 258 पद रिक्त रहने के कारण क्षेत्रीय कार्यों के निष्पादन में गति, पारदर्शिता एवं कार्यालयों में लेखा आदि के संधारण एवं कार्यालय को सुचारू रूप से चलाने में कठिनाई महसूस की जा रही है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु गव्य विकास निदेशालय के अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों में वर्ग–3 एवं वर्ग–4 के कर्मियों की सेवा, सेवा प्रदाता संस्था के माध्यम से Outsource कर विभागीय कार्यों में गति प्रदान किया जा सके।

3. प्रस्तावित योजना का मुख्य उद्देश्य गव्य विकास निदेशालय एवं अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालय में रिक्त पदों पर मानव बल एवं आवश्यकता आधारित मानव बल की

सेवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से प्राप्त किया जाना है। जिला गव्य विकास कार्यालय एवं क्षेत्रीय गव्य विकास कार्यालयों में पर्याप्त मानव बल की उपलब्धता होने से निदेशालय अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यों में सुगमता होगी। प्रस्तावित योजना के तहत कुल 258 पदों पर मानव बल की सेवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से प्राप्त किये जाने से सरकार के रोजगारोन्मुखी प्रयासों में सफलता मिलेगी।

4. गव्य विकास निदेशालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में वर्ग–3 एवं वर्ग–4 के कर्मियों के अनेक पद रिक्त है, जिनमें से अधिकांश पर नियमित नियुक्ति हेतु कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

5. बड़ी संख्या में रिक्ति के फलस्वरूप गव्य विकास निदेशालय अधीनस्थ कार्यालयों का कार्य प्रभावित हो रहा है। अतः कार्यहित में इन रिक्त पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव बल की सेवा प्राप्त किये जाने की आवश्यकता है।

6. रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति होने के उपरांत उक्त पदों पर आउटसोर्सिंग की व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी।

7. गव्य विकास निदेशालय के द्वारा मानव बल की आवश्यकता का आकलन करते हुए बिहार लाईवस्टॉक डेवलपमेन्ट एजेन्सी (बी०एल०डी०ए०), पटना को सूचित किया जायेगा। तदनुसार बी०एल०डी०ए० के माध्यम से चयनित/सूचीबद्ध एजेन्सी के द्वारा मानव बल उपलब्ध कराया जायेगा।

8. आउटसोर्सिंग एजेन्सी के भुगतान की कार्रवाई केन्द्रीयकृत रूप से बी०एल०डी०ए०, पटना द्वारा किया जाना है, जिस हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 के शेष नौ (9) माह हेतु राशि स्वीकृत की जायेगी। योजना के क्रियान्वयन के क्रम में व्यवहारिक कठिनाई आने की स्थिति में विभागीय स्तर से यथा आवश्यक आंशिक संशोधन किया जायेगा।

9. इस योजना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी निदेशक, गव्य, बिहार, पटना या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी होंगे। निदेशक, गव्य, बिहार इसके सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी होंगे।

10. प्रस्तावित योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में इस योजना के लिए प्रस्तावित राशि (व्यय विवरणी–'क' के अनुरूप) की निकासी निदेशक, गव्य, बिहार के द्वारा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, बिहार, पटना से की जायेगी एवं बिहार लाईव स्टॉक डेवलपमेन्ट एजेन्सी (बी०एल०डी०ए०), पटना के पी०एल० खाता (संख्या–PBBPLA028) में अन्तरित किया जायेगा।

11. गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा योजना का नियमित अनुश्रवण किया जायेगा तथा योजना कार्यान्वयन का प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

12. बजट शीर्ष –मुख्य शीर्ष–2404–डेरी विकास, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–102–डेरी विकास परियोजनाएँ, माँग संख्या–2, उप शीर्ष–0115–गव्य प्रक्षेत्र की योजनाएँ, विषय शीर्ष 0115.28.02 संविदा सेवाऐं, विपत्र कोड 02–2404001020115 मद से विकलनीय होगा।

13. वित्तीय वर्ष 2025–26 में इस योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की योजनाऐं अन्तर्गत विपत्र कोड–2404001020115 के तहत 2802 संविदा सेवाऐं, विषय शीर्ष में पर्याप्त बजट उपबंध नहीं होने के फलस्वरूप पुनर्विनियोग अथवा अतिरिक्त योजना उद्व्यय प्राप्त होने पर अनुपूरक आगणन के माध्यम से बजट उपबंध कर उक्त बजट उपबंधित राशि अंतर्गत व्यय किया जायेगा। पुनर्विनियोग/अनुपूरक आगणन से आवश्यक राशि की व्यवस्था कर योजना कार्यान्वयन पर व्यय किया जायेगा। प्रस्तावित योजना के तहत व्यय को बजट उपबंध के अधीन सीमित रखा जायेगा।

14. दिनांक–22.05.2025 को सम्पन्न विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तावित स्कीम की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्यवाही संचिका–6 एस०एस० (6)36/2025 के पृष्ठ 09–08/प०.

15. चुँकि यह योजना राज्य योजना के तहत एक नई योजना है। योजना का लागत मूल्य रुपये 5.00 करोड़ से अधिक एवं 15.00 करोड़ से कम है। इसलिए वित्त विभागीय संकल्प–12888, दिनांक–03.12.2024 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में प्रस्ताव एवं राज्यादेश प्रारूप में माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है। संचिका सं०–6 एस०एस०(6)36/2025 के पृष्ठ–08/टि० दिनांक–27.05.2025.

16. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है। सं०सं०–6 एस०एस०(6)36/2025 के पृष्ठ–09/टि० तथा डायरी सं०–268, दिनांक–28.05.2025.

17. वित्त विभागीय पत्र संख्या–7355 दिनांक–05.10.2007 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से राशि की निकासी हेतु प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

विश्वासभाजन
30/5/25
(गीता सिंह)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)36/2025– /पटना–15, दिनांक–......../......./2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ वित्त विभाग (योजना शाखा/बजट शाखा)/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/5/25
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)36/2025–2411 /पटना–15, दिनांक–02/06/2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/5/25
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)36 / 2025– 2411 / पटना–15, दिनांक–02/06/2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ प्रबंध निदेशक, कॉम्फेड, पटना / निदेशक, गव्य, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)36 / 2025– 2411 / पटना–15, दिनांक–02/06/2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ गव्य निदेशालय के बजट शाखा / योजना शाखा / लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)36 / 2025– 2411 / पटना–15, दिनांक–02/06/2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ मुख्यालय के सभी पदाधिकारी / योजना शाखा–06 के कार्यवाह सहायक को अतिरिक्त पाँच प्रतियों के साथ सूचनार्थ प्रेषित।

30/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)36 / 2025– 2411 / पटना–15, दिनांक–02/06/2025.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / विभागीय अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव / महालेखाकार, लेखा परीक्षा, महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

30/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)36 / 2025– 2411 / पटना–15, दिनांक–02/06/2025.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ आई० टी० मैनेजर, विभागीय कम्प्यूटर कोषांग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ प्रेषित।

30/5/25

सरकार के अपर सचिव

## व्यय विवरणी

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य स्कीम के तहत गव्य विकास निदेशालय एवं इसके अधीनस्थ कार्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव बल की सेवा प्राप्त किये जाने के निमित्त कुल राशि ₹ **75933770/–** (रुपये सात करोड़ उनसठ लाख तैंतीस हजार सात सौ सत्तर) मात्र के अनुमानित लागत व्यय की स्वीकृति।

| विपत्र कोड/विषय शीर्ष | योजना की विवरणी | योजना की कुल लागत राशि | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम | कोषागार |
|---|---|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष–2404–डेरी विकास, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–102–डेरी विकास परियोजनाएँ, माँग संख्या–2, उप शीर्ष–0115–गव्य प्रक्षेत्र की योजनाएँ, विषय शीर्ष 0115.28.02 संविदा सेवाऐं, विपत्र कोड 02– 2404001020115 मद से विकलनीय होगा। | गव्य विकास निदेशालय एवं इसके अधिनस्थ कार्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव बल की सेवा प्राप्त करने हेतु | 75933770/– | निदेशक गव्य विकास निदेशालय बिहार, पटना/प्राधिकृत पदाधिकारी | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना। |

2411
02/06/25

30/5/25

सरकार के अपर सचिव

वित्तीय वर्ष 2025–26 में गव्य विकास निदेशालय एवं अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों में रिक्त पदों पर आवश्यकता आधारित मानव बल की सेवा आउटसोर्सिंग एजेन्सी क माध्यम से प्राप्त किये जाने हेतु शेष 09 माह का आकलित राशि से संबंधित विवरणी

| क्र0 सं0 | पद का नाम | मानव बल की आवश्यकता | | मानदेय प्रति माह (रूपये) | आवश्यकता अनुमानित राशि की गणना (राशि–रूपये में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवश्यकता आधारित पदो की संख्या | कुल | | वार्षिक मानदेय (रूपये) | सेवा शुल्क(3.85 प्रतिशत) | कुल वार्षिक मानदेय +सेवा शुल्क | जी०एस०टी० (18 प्रतिशत) | कुल वार्षिक मानदेय + सेवा शुल्क + जी०एस०टी० |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** |
| **1** | डेयरी फिल्ड ऑफिसर | 44 | 44 | 55000 | 21780000 | 838530 | 22618530 | 4071335.40 | 26689865.40 |
| **2** | लेखापाल | 25 | 25 | 30000 | 6750000 | 259875 | 7009875 | 1261777.50 | 8271652.50 |
| **3** | पशुधन सहायक | 29 | 29 | 25000 | 6525000 | 251212.5 | 6776212.5 | 1219718.25 | 7995930.75 |
| **4** | चालक | 3 | 3 | 20000 | 540000 | 20790 | 560790 | 100942.20 | 661732.20 |
| **5** | मल्टी टास्कींग स्टाफ | 52 | 52 | 20000 | 9360000 | 360360 | 9720360 | 1749664.80 | 11470024.80 |
| **6** | सुरक्षा गार्ड | 25 | 25 | 18000 | 4050000 | 155925 | 4205925 | 757066.50 | 4962991.50 |
| **7** | चौकीदार–सह–झाडूकश | 25 | 25 | 18000 | 4050000 | 155925 | 4205925 | 757066.50 | 4962991.50 |
| **8** | कार्यालय परिचारी | 55 | 55 | 18000 | 8910000 | 343035 | 9253035 | 1665546.30 | 10918581.30 |
| कुल | | **258** | **258** | **204000** | **61965000** | **2385652.5** | **64350652.5** | **11583117.45** | **75933769.95** |

अर्थात–

**₹75933770/-**

(रूपये सात करोड़ उनसठ लाख तैंतीस हजार सात सौ सत्तर) मात्र

2411
02/06/25

सरकार के अपर सचिव